सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:- पाँचवी | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ:- सर्वनाम

परिभाषा - संज्ञा शब्दों के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

जैसे - मैं , तुम ,वह , यह ,इसे ,उसे, इसका , उसका आदि

सर्वनाम के भेद

सर्वनाम के छह भेद हैं।

१-पुरुषवाचक सर्वनाम

२-निश्चयवाचक सर्वनाम

३-अनिश्चयवाचक सर्वनाम

४-प्रश्नवाचक सर्वनाम

५-संबंधवाचक सर्वनाम

६-निजवाचक सर्वनाम

पुरुषवाचक सर्वनाम- जो सर्वनाम बोलने वाले, सुनने वाले तथा अन्य व्यक्ति के लिए प्रयोग किए जाते हैं, वे पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे-मैं, तुम वह आदि

१-मैं स्कूल जा रहा हूँ।

२-उसे बुला लो।

निश्चयवाचक सर्वनाम- जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चित व्यक्ति वस्तु या स्थान के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं , उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- यह वह, वे आदि।

१-यह मेरा घर है।

२-वह फूल सुंदर है।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम- ऐसे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता, वे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे- कोई, कुछ आदि।

१-पानी में कुछ पड़ा है।

२- कोई यहाँ आया था।

प्रश्नवाचक सर्वनाम - जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता हैं, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- कौन, क्या, किसे कब, किसने आदि।

१-आप किस शहर में रहते हैं?

२-आपकी दुकान कब खुलेगी?

संबंधवाचक सर्वनाम- जो सर्वनाम शब्द वाक्य में आए दूसरे सर्वनाम शब्दों से संबंध स्थापित करते हैं उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे-जो-सो, जितना- उतना, जैसा-वैसा आदि।

१-जो पुस्तक यहाँ रखी थी, वह किसकी है।

२-जिसको सफलता चाहिए, वह परिश्रम करे।

निजवाचक सर्वनाम- जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग स्वयं के लिए किया जाता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- खुद ,अपने - आप ,स्वयं, आप ही आदि।

१-मैं अपने आप खा लूँगा।

२-वह खुद चला जाएगा।